पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मुख्यमंत्री योग्य निर्णय लें - राज्यपाल

लखनऊः 29 जुलाई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमण्डल ने भेट की। प्रतिनिधिमण्डल की शिकायत है कि प्रदेश में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को दिये जाने वाले राष्ट्रीय/राज्य पुरस्कार हेतु चयनित शिक्षकों की सूची में कुछ अनियमिततायें हैं। प्रतिनिधिमण्डल में श्री अभिमन्यू प्रसाद तिवारी पूर्व अध्यक्ष, श्री संजय कुमार मिश्र वर्तमान अध्यक्ष सहित अन्य लोग भी थे। राज्यपाल ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव से फोन पर बात की तथा पत्र लिखकर कहा है कि प्रतिनिधिमण्डल की शिकायतों के दृष्टिगत योग्य निर्णय लें।

राज्यपाल से वार्ता के बाद मुख्यमंत्री ने आज शिक्षकों के प्रतिनिधिमण्डल को मिलने हेतु आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल को अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री ने उनकी बात गंभीरता से सुनकर आश्वासन दिया है कि वे तथ्यों के प्रकाश में न्यायोचित कार्यवाही करेंगे।

प्रतिनिधिमण्डल ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया है कि राष्ट्रीय/राज्य पुरस्कार हेतु चयनित शिक्षकों की सूची में ऐसे भी शिक्षक का नाम है जिस पर संगीन आरोप के मुकदमें पंजीकृत एवं विचाराधीन हैं। शिक्षक का विभागीय कार्यों में व्यवधान डालने के लिये वेतन भी काटा जा चुका है।